## पाठ - 8
# मेरे चमकदार दाँत

I.) श्रुतलेख और शब्दों के अर्थ पुस्तक से देखकर लिखिए -

II.) प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1) केशव के दोस्तों के नाम क्या थे,

उत्तर - केशव के दोस्तों के नाम शालू और नकुल थे।

2) दाँत में कीड़ा कैसे लगता है?

उत्तर - खाने के बाद ठीक से कुल्ला या ब्रश न करने से दाँतों में फँसा खाना सड़ जाता है जिसके कारण दाँत में कीड़ा लग जाता है।

3) मुँह से बदबू कब आती है?

उत्तर - दाँतों को अगर ठीक से साफ न किया जाए तो मुँह से बदबू आती है।

Scanned with CamScanner

4) केशव पापा के साथ कहाँ और क्यों गया?

उत्तर- केशव पापा के साथ दाँत के डॉक्टर के पास गया था, क्योंकि उसके दाँत में बहुत तेज दर्द हो रहा था।

5) शालू और नकुल अपने दोस्त केशव के लिए बेचैन क्यों हो उठे?

उत्तर- रोज की तरह जब समय पर केशव मैदान में खेलने के लिए नहीं आया, तब शालू और नकुल बेचैन हो उठे।

6) दाँतों को मजबूत और चमकदार बनाने के लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर- दाँतों को मजबूत और ~~मज~~ चमकदार बनाने के लिए सुबह-शाम ब्रश करना चाहिए।

Scanned with CamScanner

Page

III) विलोम शब्द

1) दुश्मन x दोस्त
2) बाहर x अंदर
3) तेज x धीरे
4) दिन x रात
5) बड़े x छोटे
6) जीत x हार
7) साफ x गंदा
8) नुकसान x फायदा
9) मजबूत x कमजोर
10) उदास x प्रसन्न
11) मीठा x कड़वा

Scanned with CamScanner

12) बदबू x खुशबू

13) अच्छा x बुरा

14) चमकदार x धुँधला

15) समझदार x नासमझ

16) नया x पुराना

17) सुबह x शाम

18) हानि x लाभ

19) कम x ज्यादा, अधिक

20 पास x दूर

IV) वचन की परिभाषा – शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या के बारे में पता चले उसे वचन कहते हैं।

वचन दो प्रकार के होते हैं –

1) एकवचन
2) बहुवचन

Scanned with CamScanner

| एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- |
| आँख | आँखें |
| लड़का | लड़के |
| बच्चा | बच्चे |
| दरवाजा | दरवाजे |
| किताब | किताबें |
| तारा | तारे |
| रोटी | रोटियाँ |
| खिलौना | खिलौने |

V) विशेषण की परिभाषा - संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

जैसे - काली गाय।
सुंदर फूल।

Scanned with CamScanner

Date
Page

विशेषण शब्दों को रेखांकित करके लिखिए -

1) शालू, नकुल व केशव में पक्की दोस्ती थी। (पक्की)

2) ज्यादा चॉकलेट नहीं खानी चाहिए। (ज्यादा)

3) नकुल समझदार लड़का है। (समझदार)

4) मैं बाजार से नया ब्रश लाया हूँ। (नया)

5) मेरे दाँत चमकदार हैं। (चमकदार)

मुहावरों के अर्थ समझकर वाक्यों में प्रयोग करिए -

1) आग बबूला होना = बहुत गुस्सा होना

वाक्य - परीक्षा में फेल होने की खबर सुनकर राम के पिता आग बबूला हो गए।

2) फूला न समाना = बहुत खुश होना।

वाक्य - उपहार पाकर राजू फूला न समाया।

Scanned with CamScanner

classmate
Date
Page

3) कान भरना = चुगली करना

वाक्य - कान भरना एक बुरी आदत है।

4) तिलमिला उठना = गुस्सा होना

वाक्य - राम की प्रिय कलम टूटने के कारण वह तिलमिला उठा।

5) आँखों का तारा = बहुत प्यारा

वाक्य - सोहन अपनी माँ की आँखों का तारा है।

Scanned with CamScanner

1. किसने कहा? ✓ का निशान लगाइए–

(क) बेटा, आज उसके दाँत में बहुत तेज़ दर्द हो रहा है।

केशव की मम्मी ने ☑ केशव के पापा ने ☑

(ख) अब से मैं अपने दाँतों की सही देखभाल करूँगा।

केशव ने ☑ नकुल ने ☐



Scanned with CamScanner

2. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली जगह भरिए–

(क) दाँत में लगा कीड़ा हमारे दाँतों को खोखला कर देता है।

(ख) हमें दिन में दो बार ब्रश ज़रूर करना चाहिए।

(ग) ज़्यादा चॉकलेट खाने से दाँत ख़राब हो जाते हैं।

(घ) देखभाल से तुम्हारे दाँत मज़बूत और चमकदार भी रहेंगे।

दो
चमकदार
कीड़ा
चॉकलेट

3. प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

Scanned with CamScanner

भाषा ज्ञान

## विशेषण, विलोम शब्द

1. संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को **विशेषण** कहते हैं; जैसे- **का** गाय, **सुंदर** फूल आदि।

दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करके लिखिए-

(क) शालू, नकुल व केशव में पक्की दोस्ती थी। ............पक्की............

(ख) ज़्यादा चॉकलेट नहीं खानी चाहिए। ............ज़्यादा............



Scanned with CamScanner

(ग) मैं दो बार ब्रश करता हूँ इसलिए मेरे दाँत चमकदार हैं। ........चमकदार........

(घ) नकुल समझदार लड़का है। ........समझदार........

(ङ) मैं बाज़ार से नया ब्रश लाया हूँ। ........नया........

2. पाठ के आधार पर विशेषण और संज्ञा शब्दों का मिलान कीजिए–

| विशेषण | संज्ञा |
|---|---|
| गहरी | मन |
| मीठी | दाँत |
| उदास | दोस्ती |
| मज़बूत | कण |
| छोटे | चीज़ें |

Scanned with CamScanner